जनसम्पर्क कार्यालय: एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड जबलपुर

समाचार

विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

जबलपुर, 14 जनवरी। विद्युत कंपनियों द्वारा पाण्डुताल मैदान में आयोजित होने वाला 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस बात का निर्णय एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालनक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आयोजन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा पर समीक्षा की गई।

गणतंत्र दिवस आयोजन समिति की बैठक में अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, अधीक्षण अभियंता सिविल धर्मेन्द्र वर्मा, महाप्रबंधक आलोक श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक सिविल मिलिन्द चौधरी, मैनेजर मानव संसाधन पराग मिश्रा व अंकुर चौरसिया, उद्यान सलाहकार ज्ञान सनोरिया पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कम्युनिकेशन विभाग के कार्यपालन अभियंता दीपक कुमार, सहायक अभियंता राकेश सोनी व सुरक्षा अधिकारी आरएन यादव उपस्थित थे।

बैठक में राजीव गुप्ता ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी पर बिन्दुवार चर्चा कर रूपरेखा तैयार की। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम, व्यवस्थाओं को समय के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के सुरक्षा सैनिक आकर्षक परेड और बैंड दल देशभक्ति गीतों की धुन प्रस्तुत करेंगे। उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति के लिए विद्युत कंपनियों के अभियंताओं व कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद व बालक मंदिर के बाल कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

MPPMCL NEWS NO. 13/2026

(पंकज स्वामी)
जनसम्पर्क अधिकारी